झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

## राष्ट्र निर्माण सेना

21 My 2023

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK

JSSC | DEFENCE - ARMY

CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 21 मई का इतिहास

- **2003 :** विश्व के 190 से भी अधिक देशों ने तंबाकू के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय संधि को जिनेवा में मंजूरी दी।
- **1996 :** प्रसिद्ध शीतल पेय कंपनी पेप्सी ने विश्व में पहली बार अंतरिक्ष में विज्ञापन फिल्म बनाने की घोषणा की।
- **1881 :** यूएस नेशन लॉन टेनिस एसोसिएशन की स्थापना हुई।
- **1840 :** न्यूजीलैंड में ब्रिटिश कॉलनी का हिस्सा बना।
- **2006 :** श्रीनगर में कांग्रेस की रैली पर हमला हुआ।
- **1991 :** भारत के नौंवे प्रधानमंत्री राजीव गांधी का निधन हुआ।

## 21 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने मेडिकल प्रैक्टिशनर्स का पंजीकरण और मेडिसिन प्रैक्टिस लाइसेंस विनियम 2023 शीर्षक से एक अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार नेशनल मेडिकल रजिस्टर में पंजीकरण के लिए भारतीय और विदेशी दोनों मेडिकल स्नातकों के लिए नेशनल एग्जिट टेस्ट पास करना अनिवार्य हो गया हैं। देश के सभी पंजीकृत चिकित्सकों के लिए एक सामान्य राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर होगा। मेडिसिन प्रैक्टिस करने का लाइसेंस पांच साल के लिए दिया जाएगा। पांच वर्ष के बाद चिकित्सकों को राज्य चिकित्सा परिषद के माध्यम से लाइसेंस का नवीनीकरण कराना होगा।
- यूजीसी द्वारा एक नई उपयोगकर्ता के अनुकूल वेबसाइट और दो पोर्टल उत्साह और प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस लॉन्च किए गए। युवा पीढ़ी को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों का समर्थन करने के लिए इन संस्थानों को सहायता और सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया गया हैं। इस निर्णय का उद्देश्य शैक्षिक अनुभव को बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना है कि छात्रों को उच्च गुणवता वाली शिक्षा मिले जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार करे।
- कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने सीसीआई के अध्यक्ष के रूप में रवनीत कौर की नियुक्ति को मंजूरी दे दी हैं। वह पदभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष तक या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने की तिथि तक या अगले आदेश तक जो भी पहले हो, पद पर रहेंगी। वह पंजाब कैडर की आईएएस अधिकारी है। पूर्व पूर्णकालिक अध यक्ष अशोक कुमार गुप्ता के 20 अक्टूबर 2022 को कार्यालय छोड़ने के लगभग सात महीने बाद उन्हें नियुक्त किया गया हैं।
- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा नई दिल्ली में मेरी लाइफ नामक एक मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया हैं। यह ऐप लाइफ की अवधारणा से प्रेरित है जिसकी परिकल्पना कोप26 में प्रधानमंत्री ने की थी, जिसमें नासमझ और व्यर्थ उपभोग के बजाय सचेत और सुविचारित उपयोग पर जोर दिया गया हैं। इससे सरल कार्यो में माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति के व्यवहार में परिवर्तन लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।
- यूरोपीय संघ के नियामकों ने माइक्रोसॉफ्ट के 69 अरब डॉलर के एक्टीविजन ब्लिजार्ड के अधिग्रहण के लिए हरी झंडी दे दी, जो दुनिया की सबसे बड़ी गेमिंग फर्मो में से एक है। यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा, यूरोपीय आयोग ने माइक्रोसॉफ्ट द्वारा क्लाउड गेमिंग के उभरते क्षेत्र में उपायों की पेशकश के बाद सौदे को मंजूरी दे दी जो अविश्वास चिंताओं को दूर करेगा।
- तेलंगाना में हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान में एकीकृत जैविक नियंत्रण प्रयोगशाला का शुभारंभ किया गया। नई एकीकृत बीसी लैब एन आईपीएचएम में स्थापित की गई एक अत्याधुनिक प्रयोगशाला है, जिसमें जैव कीटनाशकों, जैव नियंत्रण एजेंटों एवं जैव-उर्वरकों के लिए उत्पादन पद्धतियों पर अनुभव प्रदान करने की सुविधा हैं। जैव नियंत्रण एजेंटों, जैव-कीटनाशकों एवं जैव-उर्वरकों का उपयोग रासायनिक कीटनाशकों और उर्वरकों के इस्तेमाल को कम करने में मदद करेगा।
- केंद्र ने घरेलू स्तर पर उत्पादित क्रूड पर विंडफॉल लेवी घटाकर शून्य कर दिया। घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल गेन लेवी लागू नही होगी। इस बदलाव से पहले विंडफॉल गेन लेवी की दर 4100 रूपये प्रति टन थी। मांग में वृद्धि और कीमतों में परिणामी वृद्धि के साथ सरकार फिर से शुल्क लगा सकती हैं। विंडफॉल गेन लेवी में कटौती से ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन जैसी कंपनियों को फायदा होगा। अप्रत्याशित लाभ लेवी को तकनीकी रूप से विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क के रूप में जाना जाता हैं।
- भुवनेश्वर से दुबई के लिए पहली बार सीधी अंतर्राष्ट्रीय उड़ान सेवा शुरू की गई हैं। उद्धघाटन उड़ान, ओडिशा सरकार, नागरिक समाज और व्यापार और खेल समुदाय के सदस्यों और स्वंय सहायता समूहों के प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल को लेकर दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। प्रतिनिधिमंडल द्वारा दुबई की यात्रा आगामी ओडिशा दिबासा कार्यक्रम के साथ मेल खाती हैं। भुवनेश्वर से दुबई के लिए पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू होने से उड़ान का समय 12 घंटे से घटकर 4 घंटे हो गया हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. आतंकवाद विरोधी दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 20 मई (B) 21 मई
(C) 22 मई (D) 23 मई

**(B)** आतंकवाद विरोधी दिवस हर साल 21 मई को मनाया जाता हैं। 21 मई 1991 को भारत के प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या लिबरेशन फ्रंड के आतंकवादियों के द्वारा किया गया था। इस लिए भारत में 21 मई आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। इस दिवस के माध्यम से समाज में एकता और सुधार को बढ़ावा दिया जाता हैं और साथ में आतंकवाद को किस प्रकार कम किया जा सके उसके लिए व्यापक योजना इस दिवस के माध्यम से बनाई जाती हैं।




**2. हाल ही में ओसियान पर्यटन फोरम 2024 की मेजबानी कौन करेगा ?**

(A) लाओस (B) भारत
(C) इंडोनेशिया (D) जर्मनी

**(A)** लाओस जनवरी 2024 में वार्षिक आसियान पर्यटन मंच की मेजबानी करने के लिए कमर कस रहा है, जो देश की राजधानी वियन्तियान में होगा। फोरम का थीम Quality and Responsible Tourism - Sustaining ASEAN Future है, जो टिकाऊ और जिम्मेदार पर्यटन प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करता हैं। फोरम में एक पर्यटन प्रदर्शनी शामिल होगी और संबंधित व्यवसायों में सेवा सुधार को प्रोत्साहित करते हुए लाओस में पर्यटन को बढ़ावा देने की उम्मीद हैं।




**3. अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 16 मई (B) 18 मई
(C) 20 मई (D) 21 मई

**(D)** अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस हर साल 21 मई को मनाया जाता हैं। भारत का चाय उपभोग करने के मामले में पहले नंबर और इसके उत्पादन के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। पानी के बाद चाय में सबसे ज्यादा पिया जाने वाला पेय हैं। ऐसे में इस पर समर्पित एक दिन होना जरूरी हैं। इसकी शुरूआत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2019 में की गई तथा वर्ष 21 मई 2020 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहला अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाया गया।




**4. हाल ही में वेदांता का नई मुख्य वितीय अधिकारी कौन बनी है ?**

(A) नीरा टंडन (B) सोनल श्रीवास्तव
(C) गीता राव (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** विश्व स्तर पर विविध प्राकृतिक संसाधनो के समूह वेदांता लिमिटेड 1 जून 2023 से सोनल श्रीवास्तव को मुख्य वितीय अधिकारी के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। सोनल सभी क्षेत्रो में 26 से अधिक वर्षो का वितीय नेतृत्व लेकर आई है क्योंकि कंपनी विकास के अपने अगले चरण को जारी रखे हुए हैं।



**5. हाल ही में कौन यूपीएससी के चेयरमैन पद की शपथ ली ?**

(A) प्रवीण सूद (B) ए के मोहंती
(C) मनोज सोनी (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** शिक्षाविद मनोज सोनी संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के तौर पर शपथ ली। उन्होंने बताया कि सोनी 28 जून 2017 को आयोग के सदस्य नियुक्त किये गये थे। अधिकारी ने कहा कि आयोग की वरिष्ठतम सदस्य स्मिता नागराज उन्हें यूपीएसएसी अध्यक्ष के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। आयोग में एक अध्यक्ष होते हैं और इसके सदस्यों की अधिकतम संख्या 10 हो सकती हैं।



**6. हाल ही में ड्यूरोफ्लेक्स के नए ब्रांड एंबेसडर कौन बने है ?**

(A) अक्षय कुमार (B) विराट कोहली
(C) सूर्य कुमार यादव (D) रोहित शर्मा

**(B)** भारतीय मैट्रेस ब्रांड ड्यूरोफ्लेक्स ने पूर्व भारतीय कप्तान और वर्तमान युग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक विराट कोहली को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। 34 वर्षीय स्टार बल्लेबाज के साथ इस सहयोग के बाद, कंपनी व्यापक दर्शकों के लिए गुणवतापूर्ण नींद के संदेश को बढ़ाना चाहती हैं।



**7. हाल ही में संचार साथी पोर्टल का शुभारंभ किसके द्वारा किया गया ?**

(A) अश्विनी वैष्णव (B) एस. जयशंकर
(C) पीयूष गोयल (D) नरेंद्र मोदी

**(A)** हाल ही में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संचार साथी पोर्टल का शुभारंभ किया। यह एक नागरिक सेंट्रिक पोर्टल है, जो दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित किया गया हैं। यह नागरिकों को उनकी मोबाइल डिवाइस के इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी की बेरिफिकेशन की जांच की सुविधा प्रदान करता हैं।




**8. हाल ही में किस राज्य ने 13वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती है ?**

(A) महाराष्ट्र (B) झारखंड
(C) राजस्थान (D) हरियाणा

**(D)** हरियाणा की हॉकी टीम ने फाइनल में झारखंड की हॉकी टीम को 2-0 से हराकर इंफाल में हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2022 जीती। इम्फाल में आयोजित हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2022 उत्तर प्रदेश हॉकी टीम ने मध्य प्रदेश हॉकी टीम को 3-0 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।



**9. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन होम्योकॉन 2023 का उद्घाटन किया है ?**

(A) ओडिशा (B) केरल
(C) उत्तराखंड (D) कर्नाटक

**(C)** हाल ही में उत्तराखंड राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दून विश्वविद्यालय, देहरादून में राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन होम्योकॉन 2023 का उद्घाटन किया और होम्योपैथी पर एक डॉक्यूमेंट्री का शुभारंभ किया। होम्योपैथी को विश्व की दूसरी सबसे प्रचलित चिकित्सा पद्धति के रूप में मान्यता दी गई और कोविड-19 महामारी के दौरान इसके महत्व को प्रदर्शित किया गया।




**10. हाल ही में किस राज्य में हापुड़ में ग्राम विकास योजना वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ?**

(A) उत्तर प्रदेश (B) मध्यप्रदेश
(C) हरियाणा (D) पंजाब

**(A)** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के हापुड़ की गढ़ मुक्तेश्वर तहसील के नानपुर गांव में ग्राम विकास योजना वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह केवीआईसी के संभागीय कार्यालय मेरठ द्वारा आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में हनी मिशन के तहत 30 मधुमक्खी पालकों को मधुमक्खी के 300 बक्से ओर मधुमक्खी कालोनियां प्रदान की गई।

